अमर उजाला 19/08/2025

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हर्षदीप कौर रहीं प्रथम

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की ओर से प्रबंधन विभाग एवं एसडीजी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण जागरूकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।

प्रतिभागियों ने स्वयं सामग्री लाकर मौके पर ही पोस्टर बनाए। देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स में एंटी-रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं लघु नाटिका की प्रस्तुति दी। पोस्टरों का मूल्यांकन मौलिकता, रचनात्मकता एवं विषय से संबंधित के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता का न्याय मूल्यांकन डॉ. रवनीत कौर ने किया। प्रतियोगिता में हर्षदीप कौर प्रथम, रोजी द्वितीय, सिमरन कौर तृतीय, नेहा गुप्ता ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. भारती विज और डॉ. अमिता ने किया। प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई दी। इसके अलावा कॉलेज में ऑनलाइन नारा लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया। संवाद